जहां पिछले कुछ महीनों से ठाकरे गुट में खलबली मची हुई है, वहीं रविवार को ठाणे में शिंदे गुट ने एक बार फिर ठाकरे गुट को झटका दिया है। नौपाड़ा क्षेत्र में ठाकरे गुट के प्रमुख प्रकाश पेरे, जिन्हें ठाकरे के वफादार के रूप में जाना जाता है, रविवार को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में अपने कार्यकर्ताओं के साथ शिंदे गुट में शामिल हो गए। शिवसेना के विभाजन के बाद भी वह ठाकरे के साथ रहे। उन्होंने कई विरोध प्रदर्शनों में भी भाग लिया। पेरे के शिंदे गुट में प्रवेश के कारण नौपाड़ा क्षेत्र में ठाकरे को झटका लगा है।

प्रकाश पायरे नौपाड़ा संभाग के एक पुराने शिव सैनिक हैं। शिवसेना में विभाजन के बाद ठाणे के अधिकांश पदाधिकारियों ने शिंदे के साथ जाने का फैसला किया। लेकिन प्रकाश पेरे ठाकरे के साथ बने रहे। वह नौपाड़ा क्षेत्र में बहुत सक्रिय थे। प्रकाश पेरे रविवार को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में शिंदे गुट में शामिल हो गए । इसके कारण ठाकरे की पार्टी को नौपाड़ा क्षेत्र में झटका लगा है। प्रकाश पायरे सहित उनके कुछ कार्यकर्ता भी शिंदे की पार्टी में शामिल हो गए हैं। प्रकाश पायरे जब ठाकरे समूह में थे तब वे कई आंदोलनों में सक्रिय थे। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने श्री कौपीनेश्वर मंदिर से नौपाड़ा गोखले रोड तक पैदल जुलूस में भाग लिया। जैसे ही जुलूस नोपाड़ा क्षेत्र में पहुंचा, प्रकाश पेरे शिंदे गुट के पदाधिकारियों द्वारा बनाए गए मंच पर पार्टी में शामिल हो गए। पार्टी में शामिल होने के समारोह में मंच के आसपास और सड़क पर पार्टी कार्यकर्ताओं और नागरिकों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके कारण यात्रा कुछ समय के लिए रुक गई। इस बीच, कुछ रथ आगे बढ़ गए, जबकि अन्य पीछे रह गए.

# इतिहास पर विवाद करना सही नहीं: गडकरी

**मुंबई.** महामंच 'व्हाट इंडिया थिंक टुडे में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में हुई हिंसा और औरंगजेब के कब्र खोदे जाने की मांग को लेकर अपनी बात रखी.



उन्होंने कहा कि हम संवेदनशील समाज में रहते हैं, हमें एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म (छावा) में जो कुछ बताया गया था वो सच्चाई सामने आई है. नागपुर हिंसा के बाद महाराष्ट्र में बीजेपी की ओर से कई नेताओं से दिए गए बयान पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, "कोई भी व्यक्ति जब कोई बयान देता है तो यह उसके समाज का, उसकी पार्टी का, उसके धर्म का, या फिर उसकी जाति का है, ऐसा नहीं समझना चाहिए. समस्या यह है कि हम संवेदनशील समाज में रहते हैं, हमारी उपासना पद्धति अलग-अलग है. और हम एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए." इतिहास पर उठे विवाद पर गडकरी ने आगे कहा, "इतिहास को कभी मिटाया नहीं जा सकता. इतिहास में जो कुछ बताया गया, फिल्म में जो बताया गया था वो तो सच्चाई थी.

हमारी संस्कृति भी यही है कि हर समय रामायण और महाभारत से हमें ये संदेश मिला कि हमारा व्यवहार कैसा रहा है. जिस व्यक्ति से लड़ाई हुई, जिसे हराने के बाद भी प्रभु राम ने रावण के साथ और लंका में वहां के लोगों के साथ किस तरह का व्यवहार किया. इसी तरह महाभारत में जीत मिलने के बाद भगवान कृष्ण और पांडव ने बाकी लोगों के साथ कैसा व्यवहार किया."

औरंगजेब की कब्र खुदाने पर मचे बवाल पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, जहां तक औरंगजेब का सवाल है. औरंगजेब ने अपने पिता को जेल में बंद किया था. अपने भाई की हत्या कर दी थी. उनमें जिस किसी ने अच्छाई देखी होगी, ये उनका सवाल है. अच्छाई भी हो सकती है, लेकिन आज औरंगजेब को मुस्लिम धर्म के लोग मानते हैं, ऐसी स्थिति भी नहीं है.

## आज का राशिफल

मेष - मेष राशि वालों के लिए आज का दिन प्रतिकूल रहेगा। थोड़ा सतर्क रहें। मन परेशान रहेगा। धैर्य से काम लें। अपनी फीलिंग्स को कंट्रोल में रखें।

वृषभ- वृषभ राशि वालों का आज मन प्रसन्न रहेगा। लेकिन फिर भी बातचीत में बैलेंस बनाकर रखें। कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी।

मिथुन - मिथुन राशि वालों का दिन आर्थिक रूप से अच्छा रहेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। मानसिक तौर पर परेशान रहेंगे। धैर्यशीलता बनाए रखें।

कर्क - कर्क राशि वालों के आज आत्मविश्वास में कमी हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

सिंह - सिंह राशि वालों के आज मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। शैक्षिक कार्यों में मुश्किलें आ सकती है।

कन्या - कन्या राशि वालों को आज मन में निराशा और असंतोष हो सकता है। मन परेशान हो सकता है। मानसिक शांति बनाए रखने के प्रयास करें।

तुला - तुला राशि वालों के आज आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिलेंगे।

वृश्चिक - वृश्चिक राशि वालों का आज आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी।

धनु - धनु राशि वालों को आज क्रोध व व्यर्थ के विवाद से बचें। नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर भी मिल सकते हैं।

मकर- मकर राशि वालों को आज वाणी में मधुरता तो रहेगी। लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखें। सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी।

कुंभ- कुंभ राशि वालों का आज मन अशांत हो सकता है। परिवार व मित्रों के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

मीन - मीन राशि वालों का आज मन अशांत रहेगा। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। संतान की सेहत का ध्यान रखें।

DETECTIVE AGENCY
- DIVORCE LITIGATION
- LOVE AFFAIR
- INVESTIGATION
- PRE/ POST MARITIAL
- INVESTIGATION
- INFORMATION GATHERING
CALL NOW
853-020-9668

मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस

NP DR. NANDI PATH LAB
Committed to your Wellness
OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE
DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho)
Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE
Mobile No.: 8767516249 | 7420869774
Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

Sabri
Professional DJ & Live Audio Sound Service
:: Booking Show ::
Qawwali, Ghazal. Sugam Sangeet, Jagran, Orchestra, Sufi Night, Celebrity Show, Govt. Meeting, School & College Gatherings, Wedding, Party Shows, Event & All Festival Planings, Trust, Lights, LED Wall.
M. 9503066685
Kharbi Chowk, Nagpur.

AVANI SOLAR SYSTEM
GSTIN No. : 27AHYPY4738N1ZX
VANDANA ABHIJEET YADAV Proprietor
AU Avani Udyog
(MSEDCL Approved Vendor)
Office Address
Ground Floor, LSN 52/3, Ranala Railway Gate, Kamptee, Nagpur - 441 001
E-mail : avanisolarandagriproducts@gmail.com
Cell : +91 9665055266 | +91 8999396631
Sales Office : "G1", Bhavani Apartment, Near Lokvihar, Phase 3, Bhilgaon, Nagpur - 440 026.

SWARNATYA MUSIC ACADEMY
Learn Music with Proper Exam Facility
Classes Conducted for
- Vocal Classical Singing
- Light Music (with Karaoke)
- Zumba
- Yoga
- Crochet
- Macrame
- Drawing
- Paper Crafts
<: Contact :>
Mob - 9975757706, 9561674780
Adress : Plot no 212, Bengali Society, Kasturba Nagar, Jaripatka, Nagpur

ADMISSION OPEN
RKS PUBLIC SCHOOL
NURSERY to Std. IX
OUR FACILITY
Computer Lab • Cricket
Karate Class • Swimming Pool
Skating Class • Basket Ball
M. 8087955831 8956785080
Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

ZOREN PROPERTY DEALERS
हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है
अफसर खान
M. 9371381114, 7038696893
सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

नसीब प्रिंटींग प्रेस
एस. सुधीर मो. 9372855880
डिजिटल बॅनर • विजिटिंग कार्ड
शादी कार्ड • रबर स्टॅम्प
बुक बाईडिंग • डीटीपी जॉब
रोटा प्रिंटींग • स्क्रीन प्रिंटींग
प्रांजल हॉस्पीटल व दुर्गा स्टॉरेन्ट के सामने, दुर्गा चौक, कामठी

इंग्लिश स्पीकिंग
E-PLANET™ SPEAKERS' ACADEMY
Talkative, Funny & Tricky
Morning / Evening BATCHES
अंग्रेज़ी बोलना सीखें बिना किताब और कलम से
हम भीड़ में दौड़ना नहीं जितना सिखाते है।
STUDENTS • TEACHERS • HOUSEWIVES • JOB SEEKERS
NEW BATCHES | 5:00 PM TO 6:00 PM | 8:00 AM TO 9:00 AM
9960462058,7498325477
नया गोदाम, प्रबुद्ध नगर, ईस्माइलपुरा, कामठी डॉ. (प्रा.) अभिषेक चिमणकर

नमोश्री ऑनलाईन जॉब सेन्टर
विक्रीपत्र, बक्षिसपत्र, मृत्युलेख, हक्क सोडण्याचे लेख, प्रतिज्ञापत्र, हिबानामा, झोन दाखला, बँक प्रतिज्ञा लेख व ईडेलिटी बॅड, आखिव पत्रिका, 7/12, फेरफारपंजी, रजिस्ट्री डाटा इन्ट्री, झेरॉक्स, लेमिनेशन, कलर प्रिंट, वॉटसअप पिंट, आधार कार्ड डाउनलोड
उमेश्वर शामकुंवर
M.9326760744
तहसील व कार्ट के सामने, कामठी

पाठकगणों को विनम्र सूचना : दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।
विज्ञान हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक
मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088

अंकित एंटरप्राइजेस
आनंद ठेकेदार : 7219847962
बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर
हमारे यहां आरसीसी काम, बांधकाम काम, प्लास्टर, टाईल्स काम, पेंटिंग और पीओपी के सभी काम करके मिलेंगे।
"सकु आई मंजिल" नया गोदाम, कामठी

# छत्तीसगढ़ की भी तस्वीर बदल रही है

## < बिलासपुर में बोले पीएम मोदी

**बिलासपुर.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित 33,700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया. पीएम मोदी ने बिलासपुर जिले के मोहभट्ठा गांव में आयोजित एक समारोह के दौरान परियोजनाओं का उद्घाटन, आधारशिला रखी और विभिन्न कार्यों की शुरुआत की. 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद यह राज्य का उनका पहला दौरा था.उन्होंने कहा कि अब छत्तीसगढ़ की तस्वीर भी बदल रही है और तकदीर भी बदल रही है। छत्तीसगढ़ देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है जहां शत प्रतिशत रेल नेटवर्क बिजली से चलने लगा है.

पीएम मोदी ने मंदिर हसौद के रास्ते अभनपुर-रायपुर खंड में मेमू ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई और प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत तीन लाभार्थियों को घरों की चाबियां (प्रतिकृति) सौंपी.33,700 करोड़ से अधिक परियोजना का शिलान्यास और लोकार्पण थोड़ी देर पहले



33,700 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें गरीबों के घर, स्कूल, रोड, रेल, बिजली, गैस की पाइपलाइन... ये सारे प्रोजेक्ट्स छत्तीसगढ़ के लोगों को सुविधाएं देने वाली है। आप सभी को इस विकास कार्य के लिए बहुत-बहुत बधाई।

### हमारा संकल्प है- हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे

पीएम मोदी ने कहा कि हम आदिवासी समाज के विकास के लिए भी विशेष अभियान चला रहे हैं. हमने आपके लिए धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान शुरु किया है. आदिवासियों में भी अति पिछड़ी आदिवासी जनजातियां होती हैं. पहली बार हमारी सरकार ने ऐसे अति पिछड़े आदिवासियों के लिए पीएम जनमन योजना बनाई है.उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को राज्य बने 25 साल हो रहे हैं. ये वर्ष छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष है और संयोग से यह साल अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष भी है.

# फूड सेफ्टी कानून है, पालन तो करना पड़ेगा- सीएम मोहन यादव

**भोपाल.** व्हाट इंडिया थिंक टुडे 2025 समिट के दूसरे दिन शनिवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शिरकत की. उन्होंने इस दौरान कई अहम पहलुओं पर बेबाकी से अपनी बात रखी. सीएम मोहन यादव ने चैत्र नवरात्रि, अपने मुस्लिम विरोधी छवि के आरोपों और नमाज को लेकर उठे विवाद पर भी खुलकर जवाब दिया है. प्रदेश में नवरात्रि में मांस की दुकानों को बंद करने पर उन्होंने कहा कि देश में फूड सेफ्टी कानून है. देश में कानून के हिसाब से ही सभी को चलना है. महामंच से सीएम मोहन यादव ने अपनी मुस्लिम विरोधी छवि के आरोपों पर कहा, 'कई मेरे दोस्त हैं जो मुस्लिम समुदाय से हैं. हज कमेटी भी में भी मेरे दोस्त हैं. वो दिवाली मानने आते हैं और मैं उनके यहां जाता हूं.

# कब्रिस्तान में नाबालिग से गैंगरेप

**गाजियाबाद.**

जिले के मोदीनगर के निवाड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव से दो युवक बुलेट बाइक से एक नाबालिग युवती को अगवा कर ले गए, जहां उन्होंने युवती के साथ एक कब्रिस्तान में दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. इसके बाद आरोपी पीड़िता को वहीं छोड़कर फरार हो गए. जैसे-तैसे लड़की अपने घर पहुंची और फिर उसने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी. इसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर आरोपियों के दुष्कर्म की शिकायत दर्ज करवाई थी.

सोमवार को मोदीनगर के निवाड़ी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी. 17 साल की एक लड़की को दोस्तों ने मिलने के लिए बुलाया था. जिसके बाद बुलेट सवार दो युवकों ने उसे



अगवा कर लिया. इसके बाद दोनों युवक उसे पास के ही एक कब्रिस्तान में ले गए. यहां पहुंचकर उन्होंने युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और फिर वह दोनों उसे वहीं कब्रिस्तान में छोड़कर फरार हो गए. युवती दर्द से बिलखते हुए जैसे-तैसे घर पहुंची.

यहां पहुंचकर उसने अपने परिजनों को अपनी आपबीती के बारे में बताया. बेटी के साथ दुष्कर्म की बात सुनकर परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई. लड़की ने परिजनों को बताया कि बुलेट सवार युवकों ने इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी है. इसके बाद परिजनों ने निवाड़ी थाने पहुंचकर आरोपी युवकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. मामले की जानकारी होते ही पुलिस ने लड़कियों को मेडिकल के लिए भेज दिया. साथ ही मजिस्ट्रेस के सामने उसके बयान भी दर्ज करवाए.

पुलिस ने अब इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी इसराइल को गिरफ्तार कर लिया है, जो कि बागपत जिले के बसौद गांव का रहने वाला है. एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस निरंतर छापेमारी कर रही है.

पुलिस की पूछताछ में आरोपी इसराइल ने बताया कि पीड़िता मेरे पड़ोसी अशरफ से फोन पर बात करती थी. मैं भी अशरफ से पीड़िता का मोबाइल नंबर लेकर बात करने लगा था. इस बीच हम युवती के गांव पहुंच गए और फिर उसे कब्रिस्तान ले जाकर दुष्कर्म किया था.

# बलूचिस्तान में आजादी के आंदोलन से पाकिस्तान खौफ में

**इस्लामाबाद.** बलूचों की आजादी की लड़ाई ने पाकिस्तान सरकार को घुटनों पर ला दिया है। बलूचिस्तान में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लोगों की पहचान कर हत्याएं की जा रही हैं। जिससे पंजाब के लोग बलूचिस्तान से भागने लगे हैं। वहीं अब बलूचिस्तान की सरकार ने कई प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों पर रात के समय यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया है। पाकिस्तानी अखबार द ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक बलूचिस्तान के कई जिलों के कमिश्नरों ने सरकार के आदेश के बाद अध्यादेश जारी कर दिए हैं। कच्छी, नोशकी, मूसा खेल, ग्वादर और झोब सहित कई जिलों के प्रमुख मार्गों पर रात के वक्त यात्रा करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

सरकारी अधिसूचना के मुताबिक प्रतिबंध को सार्वजनिक परिवहनों पर लागू किया गया है। इसके तहत नेशनल हाईवे से शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रतिबंध कई महत्वपूर्ण राजमार्गों पर लगाए गये हैं, जिनमें क्वेटा-ताफ्तान रोड, लोरलाई-डेरा गाजी खान रोड, सिबी रोड, कोस्टल हाईवे और झोब-डेरा इस्माइल खान रोड शामिल हैं। बलूचिस्तान की सरकार ने बलूच लिबरेशन आर्मी के बढ़ते हमलों के बीच हाईवे पर रात के समय यात्रा करने पर प्रतिबंध लगाया है। बलूचों ने आरोप लगाए हैं कि पाकिस्तान की सरकार ने उनकी शांतिपूर्ण रैलियों में आत्मघाती हमलावरों को भेजना शुरू कर दिया है।

# 50 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**रायपुर.**

प्रधानमंत्री के छत्तीसगढ़ दौरे से ठीक पहले 50 नक्सलियों ने हथियार डाल दिए हैं. माओ की विचारधारा को खोखला बताते हुए ये नक्सली सुरक्षा बलों के सामने आए और सरेंडर कर दिया. इन नक्सलियों में 14 ऐसे नक्सली हैं, जिनके सिर पर छत्तीसगढ़ सरकार ने 68 लाख रुपये से अधिक का इनाम घोषित किया गया था. इसके बाद से पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान इनकी तलाश कर रहे थे. यह जानकारी बीजापुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने दी.

उन्होंने बताया कि सरेंडर करने वाले नक्सलियों ने दावा किया है कि वह माओ की खोखली विचारधारा से तंग आ चुके थे. आदिवासियों



के शोषण और आपसी मतभेदों से परेशान होकर उन लोगों ने राष्ट्र की मुख्य धारा से जुड़ने का फैसला किया. इन नक्सलियों ने बताया कि वह सुरक्षा बलों की ओर से आयोजित होने वाली शिविरों और 'निया नेल्लनार' (आपका अच्छा गांव) योजना से प्रभावित हैं. माना जा रहा है कि बड़ी संख्या में नक्सलियों का सरेंडर सुरक्षा बलों की बड़ी जीत है.

एसएसपी जितेंद्र कुमार यादव के मुताबिक आत्मसमर्पण करने वाले 50 लोगों में से छह नक्सलियों पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम था. इसी प्रकार तीन नक्सलियों पर पांच लाख रुपये और पांच अन्य नक्सलियों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित था. एसएसपी के मुताबिक इन नक्सलियों के सरेंडर में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स, एसटीएफ और सीआरपीएफ के जवानों की भूमिका महत्वपूर्ण है. उन्होंने बताया कि राष्ट्र की मुख्यधारा में लौटे इन नक्सलियों का नियमानुसार पुर्नवास किया जाएगा. एक तरफ 50 नक्सलियों ने सरेंडर किया है, वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षा बलों की नक्सलियों के साथ दो बड़ी मुठभेड़ भी हुई है. सुकमा और बीजापुर जिलों में हुए इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 11 महिलाओं सहित 18 नक्सलियों को ढेर कर दिया है. इसे नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई में सुरक्षा बलों की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है. बता दें कि बीते एक साल में कुल 792 नक्सलियों ने सरेंडर किया है. जबकि 134 नक्सली एनकाउंटर में मारे गए हैं.

# 'गाजा में हम हमास नेताओं को छोड़ सकते हैं, लेकिन...'

**नई दिल्ली.**

गाजा पट्टी में इजरायल हमास के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। इस बीच इजरायल के पीएम बेंजामीन नेतन्याहू ने कहा कि हमास पर इजरायल का तेजी से चल रहा सैन्य दबाव काम कर रहा है। उन्होंने फलिस्तीनी समूह से अपने हथियार डालने का आग्रह किया है। बता दें कि इजरायल के पीएम नेतन्याहू के कार्यालय ने पुष्टि करते हुए बताया कि उसे मिस्र और कतर के मध्यस्थों से एक नया युद्धविराम प्रस्ताव मिला है। इजरायल ने कहा कि वह प्रस्ताव पर विचार कर रहा है और इसके साथ ही मध्यस्थों को अपना प्रति-प्रस्ताव भेजा है।

इधर, हमास के एक शीर्ष अधिकारी खलील अल-हया ने एक टीवी संबोधन के दौरान कहा कि समूह ने मध्यस्थों द्वारा प्रस्तुत किए गए नए गाजा युद्धविराम प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही उन्होंने इजरायल से भी इसका समर्थन करने का आग्रह किया है। इसके साथ चेतावनी भी दी है कि हमास के हथियार रेड लाइन हैं।

इजरायल के पीएम बेंजामीन नेतन्याहू ने अपनी कैबिनेट की बैठक में कहा कि हम आग के बीच बातचीत कर रहे हैं। हम देख सकते हैं कि समूह ने अपनी बातचीत में जो मांग की है, उसमें दरारें दिखाई देने लगी हैं। पीएम नेतन्याहू ने कहा कि हमास को अपने हथियार डाल देने चाहिए। पीएम नेतन्याहू ने उन दावों का भी खंडन किया है, जिसमें इजरायल बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बातचीत में शामिल नहीं था।

# यूएई में भारतीयों को बड़ा तोहफा

## > 500 कैदियों को किया रिहा

**नई दिल्ली.**

इस्लाम के पवित्र महीने रमजान के दौरान दया प्रदर्शित करते हुए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने विभिन्न अपराधों में जेल की सजा भुगत रहे 500 से ज्यादा भारतीय नागरिकों समेत लगभग 3000 कैदियों को क्षमादान की घोषणा की है।

इस फैसले के तहत राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने 1295 कैदियों को रिहा करने का आदेश दिया है, जबकि प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने 1518 कैदियों को क्षमादान दिया है। रमजान के दौरान कैदियों को माफ करने की यह वार्षिक परंपरा न्याय, करुणा और भारत के साथ मजबूत राजनयिक संबंध बनाए रखने के लिए यूएई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह पवित्र महीने की भावना के अनुरूप दया और मेल-मिलाप का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है। शेख मोहम्मद बिन राशिद ने विभिन्न देशों के लोगों को माफी दी है। इस माफी का मकसद सजा भुगत रहे लोगों को अपने परिवारों के साथ फिर से जुड़ने और समाज में फिर से शामिल होने की अनुमति प्रदान करता है। दुबई लोक अभियोजन ने दुबई पुलिस के समन्वय में ऐसे कैदियों की रिहाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने बताया कि 2014 से, पीएम मोदी के नेतृत्व ने विदेश में भारतीय नागरिकों के कल्याण को प्राथमिकता दी है, कूटनीतिक वार्ता और उच्च स्तरीय हस्तक्षेप के माध्यम से विदेशों में कैद लगभग 10 हजार भारतीयों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की है। कूटनीतिक प्रयासों के कारण भारतीय नागरिकों की रिहाई के प्रमुख उदाहरणों में 2022 से यूएई से 2,783 भारतीय कैदियों की रिहाई और सऊदी अरब के क्राउन "प्रस मोहम्मद बिन सलमान की तरफ से 2019 में भारत की अपनी यात्रा के दौरान 850 भारतीय कैदियों की रिहाई का आदेश देना शामिल है।

# इमारत- ए- शरिया में नेतृत्व को लेकर भारी बवाल

**पटना.** पटना के फुलवारी शरीफ स्थित मुसलमानों के लिए बने बिहार-झारखंड और उड़ीसा की प्रमुख संस्था इमारत-ए-शरिया में नेतृत्व को लेकर भारी विवाद छिड़ गया है। ट्रस्ट की कुर्सी को लेकर जारी घमासान में दो गुट आमने-सामने हैं। एक पक्ष ने नाजिम पद से मौलाना शिबली कासमी को हटाकर मौलाना सईदुर रहमान कासमी को नया नाजिम बना दिया, तो वहीं दूसरे पक्ष ने मौलाना फजल बली रहमानी को अमेरिकी नागरिक बताते हुए उनके स्थान पर मौलाना अनिसुर रहमान कासमी को नया अमीर-ए-शरीयत घोषित कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम के बाद मुस्लिम समाज में हलचल मच गई है।

इस विवाद के पीछे राजनीतिक हस्तक्षेप की आशंका जताई जा रही है। एक पक्ष पर जेडीयू से जुड़े होने का आरोप है, जबकि दूसरे पक्ष को राजद का समर्थन प्राप्त बताया जा रहा है। राजनीतिक दखलंदाजी के कारण इमारत-ए-शरिया के अंदरूनी मामलों में गहरा संकट उत्पन्न हो गया है, जिससे संस्था की साख पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। मौलाना सईदुर रहमान कासमी के समर्थकों का कहना है कि उनका चयन इमारत ए शरिया के ट्रस्टी ने सही प्रक्रिया से हुआ है.

# योगी सरकार ने अपराध में 85% की गिरावट का किया दावा

**लखनऊ.**

उत्तर प्रदेश में अपराध कारित करने वाले अपराधियों पर न सिर्फ कार्रवाई की जा रही है, बल्कि उनके अवैध साम्राज्य को भी नेस्तेनाबूत किया जा रहा है। यही वजह है कि सौ बार सोचने के बाद अपराधी कोई कदम उठा रहे हैं, लेकिन फिर भी घटनाएं अभी भी घट रही है। वहीं सरकार के दावों की माने तो सीएम योगी के नेतृत्व में पिछले 8 सालों में कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार हुआ है। डैकती, लूट, दंगा, हत्या, अपहरण और



बलात्कार जैसे जघन्य अपराध में 85 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इस तरह योगी सरकार में माफिया और गुंडागर्दी पर शिकंजा कसता जा रहा है। पुलिस रिकॉर्ड की माने तो डकैती की घटनाओं में 2016 की तुलना में 84.41 प्रतिशत की कमी आई है। जबकि लूट के मामले 77.43 फीसदी तक कम हुए हैं। इसी तरह अपहरण, दहेज हत्या और बलात्कार की घटनाओं में भी भारी कमी देखने को मिल रही है। इतना ही नहीं, योगी सरकार ने प्रदेश के माफियाओं, गैंगस्टरों और भू-माफिया पर बड़े पैमाने पर कार्यवाही की है। भू-माफिया की 142 अरब रुपये से अधिक की चल-अचल अवैध संपत्तियां जब्त की गई हैं। वहीं, 68 माफिया और उनके करीब डेढ़ हजार सहयोगियों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि 617 अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है।

# सूडान में अभी नहीं थमेगा खूनी संघर्ष

## > सैन्य चीफ ने कहा – अभी नहीं हुई पूरी जीत

**सूडान.**

लगभग दो सालों से जारी गृहयुद्ध में सूडान सशस्त्र बल ने महत्वपूर्ण प्रगति की है. सूडान सेना ने विद्रोही रैपिड सपोर्ट फोर्सेज को खदेड़ते हुए देश की राजधानी समेत अहम इलाकों को कंट्रोल कर लिया है. राष्ट्रपति ऑफिस और खार्तूम के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कब्जे के ऐलान के बाद लग रहा था कि हजारों लोगों की जान लेने वाले इस युद्ध में अब शांति आ जाएगी, लेकिन सूडान सेना के चीफ अब्देल फतह अल-बुरहान ने अभी पूरी जीत के दावे से इंकार कर दिया है.

सेना प्रमुख के इस बयान से लग रहा है कि सूडान में जंग अभी और लंबी चलने वाली है. सूडानी सशस्त्र सेना के प्रमुख अब्देल फतह अल-बुरहान ने शनिवार को कहा, "जीत की खुशी तब तक पूरी नहीं होगी जब



तक सूडान की धरती के आखिरी कोने से आखिरी विद्रोही का सफाया नहीं हो जाता.

शनिवार को सेना ने नए इलाकों पर कंट्रोल का ऐलान किया. पहले एएएफ ने राजधानी के अधिकांश हिस्सों पर नियंत्रण कर लिया है, जो विनाशकारी दो साल के युद्ध में संभावित रूप से निर्णायक जीत है. जिसने दुनिया के सबसे बड़े मानवीय संकट को जन्म दिया है.

सेना ने एक बयान में कहा कि उसके बलों ने अब पश्चिमी ओमदुरमन, सूक लीबिया के बाजार पर नियंत्रण कर लिया है. साथ ही सेना ने आरएसएफ के भागने के बाद छोड़े गए हथियारों और उपकरणों को भी जब्त कर लिया है. सूक लीबिया सूडान के सबसे बड़े और सबसे महत्वपूर्ण वाणिज्यिक केंद्रों में से एक है, इसपर कब्जा होना सेना के लिए बड़ी जीत है.

अल-बुरहान ने ईद-उल-फितर के मौके पर दिए गए भाषण में कहा, "जीत की खुशी तब तक पूरी नहीं होगी जब तक सूडान की जमीन के आखिरी कोने में आखिरी विद्रोही का सफाया नहीं हो जाता. हम अपने शहीदों के बलिदान की उपेक्षा नहीं करेंगे. युद्ध ने देश और लोगों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है, हम समझौता या बातचीत नहीं करेंगे. मिलिशिया को अपने हथियार डालने चाहिए और हम उन समूहों का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने सशस्त्र बलों के साथ मिलकर लड़ाई लड़ी. आतंकवादी अल-दगालो मिलिशिया को हराने और कुचलने से पीछे हटने का कोई रास्ता नहीं है.

# सीएम आवास पर एनडीए बैठक में शामिल हुए शाह

## > बिहार चुनाव को लेकर हुई चर्चा

**पटना.**

बिहार में विधानसभा चुनाव में अभी कुछ महीने बचे हैं, लेकिन वहां पर राजनीतिक हलचल खूब देखी जा रही है. दोनों प्रमुख गठबंधनों में लगातार बैठकों का दौर चल रहा है. बिहार में सत्तारुढ़ एनडीए गठबंधन की आज रविवार को अहम बैठक हुई. बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए. बैठक से पहले चिराग पासवान ने बताया था कि हम लोग (बिहार विधानसभा) चुनाव से पहले की रणनीति पर चर्चा करेंगे.

राजधानी पटना में आज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक बुलाई गई. बैठक में बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए. मुख्यमंत्री नीतीश



कुमार के सीएम आवास पर हुई बैठक में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, जीतनराम मांझी, नित्यानंद राय और उपेंद्र कुशवाहा भी मौजूद रहे.

इस बीच अमित शाह के बिहार दौरे और एनडीए के घटक दलों के साथ बैठक से पहले केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तरह ही बिहार विधानसभा चुनाव में भी एनडीए के घटक दलों के बीच सीट का समझौता आसानी से हो जाएगा.

**जनता को गठबंधन से उम्मीदों पर बताएंगेः चिराग**

चिराग ने कहा, "केंद्रीय गृह मंत्री आज खुद बिहार में हैं. इस दौरे के दौरान वह यह जानने की कोशिश करेंगे कि जनता को गठबंधन से किस तरह की उम्मीदें हैं.

सहयोगी दलों के साथ बातचीत के दौरान भी शाह यह भी जानने की कोशिश करेंगे कि चुनाव में हम अपने परिणामों को और बेहतर कैसे कर सकेंगे.गठबंधन के घटक दलों के बीच सीट समझौते को लेकर बने दबाव पर केंद्रीय मंत्री चिराग ने कहा कि सीट समझौते का मामला अगर कहीं पर अटकता है तो वह महागठबंधन ही होगा.



# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली

## यात्रा की अंतिम तैयारियां योजनाबद्ध तरीके से पूरी करें : विधायक जोरगेवार

> अधिकारियों के साथ यात्रा क्षेत्र का निरीक्षण, कार्य अंतिम चरण में

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**



विधायक किशोर जोरगेवार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि 3 अप्रैल से शुरू होने वाली चैत्र नवरात्रि यात्रा के लिए चंद्रपुर आने वाले तीर्थयात्रियों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए युद्ध स्तर पर काम किया जाए। यात्रा शुरू होने में कुछ दिन शेष रहने के दौरान उन्होंने क्षेत्र में तैयारियों का निरीक्षण करते हुए विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। विधायक किशोर जोरगेवार ने अधिकारियों को यह कार्य योजनाबद्ध तरीके से कर यात्रा की तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त चंदन पाटिल , शहर अभियंता विजय बोरिकर , उप शहर अभियंता रविंद्र हजारे , सहायक आयुक्त शुभांगी सूर्यवंशी , अभियंता रविंद्र कलम्बे , शाखा अभियंता आशीष भारती , शहर स्वच्छता अधिकारी डॉ. अमोल शेडके , स्वच्छता निरीक्षक भूपेश गोटे, श्री महाकाली माता महोत्सव ट्रस्ट सचिव अजय जैसवाल , सुनील महाकाले , बलराम डोडानी , संजय बुरघाटे , तुषार सोम , भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष दशरथ सिंह ठाकुर , रघुवीर अहीर , पूर्व नगरसेवक प्रदीप किरमे , राम जंगम , पराग मेलोडे आदि उपस्थित थे।

यात्रा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु , पर्यटक और व्यापारी चंद्रपुर आते हैं। इसलिए विधायक किशोर जोरगेवार ने इस बात पर जोर दिया कि यहां जलापूर्ति, बिजली , स्वच्छता , परिवहन व्यवस्था और चिकित्सा सेवाएं सुव्यवस्थित होनी चाहिए। विधायक जोरगेवार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों द्वारा अग्रिम योजना बनाई जाए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि तीर्थयात्रियों को किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े । इस अवसर पर विधायक किशोर जोरगेवार ने यात्रा क्षेत्र, मंदिर परिसर, वाहन पार्किंग व्यवस्था, नए खोले गए वैकल्पिक मार्ग और अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

यात्रा क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए मुख्य सड़कों, वैकल्पिक मार्गों , मंडपों , शौचालयों , पार्किंग व्यवस्था और जलापूर्ति की समीक्षा की गई । तीर्थयात्रा के दौरान पर्याप्त पेयजल आपूर्ति होनी चाहिए तथा क्षेत्र की स्वच्छता बनाए रखने के लिए आवश्यक उपाय किए जाने चाहिए। श्रद्धालुओं की अपेक्षित भीड़ को ध्यान में रखते हुए परिवहन की योजना बनाई जानी चाहिए। पार्किंग स्थलों में अनुशासन होना चाहिए। भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मेडिकल टीमें तैनात की जानी चाहिए तथा आपात स्थिति के लिए अतिरिक्त एम्बुलेंस तैयार रखी जानी चाहिए। विधायक किशोर जोरगेवार ने सुझाव दिया कि मंडप , मंदिर परिसर और मुख्य सड़कों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरती जानी चाहिए। सुरक्षा की दृष्टि से यात्रा के दौरान पुलिस की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी और स्वयंसेवकों की नियुक्ति जैसे उपाय किए जाने चाहिए।

तीर्थयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होती है। इसलिए प्रशासन को और अधिक तत्परता से काम करना चाहिए ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे और सभी सुविधाएं समय पर और सुचारू रूप से उपलब्ध हो सकें । यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि तीर्थयात्रियों को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े । यह यात्रा आस्था और भक्ति का त्योहार है। इसे आनंददायक और सुरक्षित बनाना हमारी जिम्मेदारी है । हजारों भक्तजन भक्ति भाव से इस पवित्र स्थान पर आएंगे। हम उनकी सुरक्षा , आराम और सुविधा के लिए जिम्मेदार हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि सभी एजेंसियां एक साथ आएं और समर्पण के साथ काम करें ताकि यह यात्रा सुचारू रूप से पूरी हो सके । प्रशासन , स्थानीय स्वयंसेवकों , सामाजिक संगठनों और नागरिकों को मिलकर इस तीर्थयात्रा की अच्छी तरह से योजना बनानी चाहिए। विधायक किशोर जोरगेवार ने सुझाव दिया है कि हम सभी को जिम्मेदारी से काम करना चाहिए ताकि यात्रा सुचारू रूप से चले और श्रद्धालुओं को सर्वोत्तम सुविधाएं मिलें।

## गढ़चिरोली पुलिस स्टेशन में विभिन्न शराब अपराधों से 15,60,194/- रुपये की जब्ती

> शराब को पुलिस ने नष्ट किया...

**गढ़चिरोली.**



शराबबंदी के दौरान गढ़चिरोली जिले में अवैध रूप से शराब का परिवहन किया जा रहा है। तदनुसार, गढ़चिरौली पुलिस अधीक्षक, नीलोत्पल के आदेश के तहत जिले में अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। तदनुसार, चूंकि विभिन्न चौकियों पर पंजीकृत मामलों में जब्त की गई वस्तुएं शीघ्र नष्ट होने वाली होती हैं तथा नए ऑपरेशन के दौरान भी, स्थान की कमी के कारण लंबित वस्तुओं को लंबे समय तक सुरक्षित रखना कठिन हो जाता है। तदनुसार, महाराष्ट्र मद्यनिषेध अधिनियम के तहत गढ़चिरौली पोस्ट में दर्ज कुल 87 मामलों में जब्त वस्तुओं को कल 28/03/2025 को नष्ट कर दिया गया।

विस्तृत रिपोर्ट यह है कि गढ़चिरौली न्यायालय और अधीक्षक, राज्य आबकारी, गढ़चिरौली की अनुमति से, 28/03/2025 को पोस्ट ऑफिस गढ़चिरौली के पुलिस निरीक्षक रेवचंद सिंगनजुडे, राज्य आबकारी, गढ़चिरौली विभाग के उप-निरीक्षक चंदन भगत और श्री. के. चौधरी ने अपनी टीम के साथ गढ़चिरौली क्षेत्र में विभिन्न शराब से संबंधित अपराधों से जब्त सामग्री को नष्ट कर दिया। जिसमें 1) देशी शराब की 90 एमएल की 14027 प्लास्टिक बोतलें, 2) विदेशी शराब की 2000 एमएल की 55 प्लास्टिक बोतलें, 3) विदेशी शराब की 750 एमएल की 29 कांच की बोतलें, 4) विदेशी शराब की 375 एमएल की 71 कांच की बोतलें, 5) विदेशी शराब की 180 एमएल की 709 कांच की बोतलें, 6) विदेशी शराब की 90 एमएल की 49 कांच की बोतलें, 7) बीयर की 650 एमएल की 09 कांच की बोतलें, 7) बीयर की 500 एमएल की 287 टिन के डिब्बे, कुल कीमत 2.5 लाख रुपये। 15,60,194/- (शाब्दिक:- पंद्रह लाख साठ हजार एक सौ चौरानबे) मूल्य का माल दो जेसीबी की सहायता से नष्ट किया गया। रोड रोलर की सहायता से सामग्री को कठोर व कीचड़युक्त जमीन पर फैलाया गया तथा कांच व प्लास्टिक की बोतलों को कुचल दिया गया। इसके बाद, कुचले हुए कांच और प्लास्टिक की बोतलों को जेसीबी की मदद से 15 फुट गहरा गड्ढा खोदकर नष्ट सामग्री को गड्ढे में भर दिया गया। उक्त सामग्री का निपटान करते समय इस बात का पूरा ध्यान रखा गया कि पर्यावरण को कोई नुकसान न पहुंचे।

## डिग्री और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए शुल्क वृद्धि रद्द करें : जोरगेवार

> गोंडवाना विश्वविद्यालय के कुलगुरु को दिए ज्ञापन में मांग

**चंद्रपुर.**



गोंडवाना विश्वविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की फीस में अचानक वृद्धि को लेकर छात्र कड़ी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। इस अन्यायपूर्ण फीस वृद्धि के खिलाफ विधायक किशोर जोरगेवार ने विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर वृद्धि को तत्काल रद्द करने की मांग की है।

विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र शुरू कर दिया है। 2024-25 फीस में वृद्धि कर दी गई है , जिससे छात्रों और अभिभावकों पर भारी वित्तीय बोझ पड़ रहा है। शैक्षणिक सत्र के मध्य में फीस बढ़ाना अव्यावहारिक है , क्योंकि इससे कई छात्रों को परेशानी हो सकती है। इस वृद्धि से आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों पर बुरा असर पड़ेगा , जिसका उनकी शिक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

इसलिए छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस फीस वृद्धि को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। यह भी मांग की गई कि भविष्य में ऐसे निर्णय लेते समय छात्र प्रतिनिधियों से चर्चा करने के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाए । विधायक किशोर जोरगेवार एक ज्ञापन के माध्यम से कुलपति डॉ. प्रशांत बोकारे को छात्रों की परेशानियों की जानकारी दी. इसके साथ ही विधायक किशोर जोरगेवार ने कुलपति से फोन पर संपर्क कर फीस वृद्धि रद्द करने की मांग की। कुलपति प्रशांत बोकारे ने एक सप्ताह के अंदर इस पर निर्णय लेंगे ऐसी सहमति जताई है।

## सूर्य डोंगरी शिवार में जंगली हाथियों के कारण किसानों को हुए नुकसान के लिए मुआवजा स्वीकृत

**गढ़चिरोली.** वडसा वन विभाग के उप वन संरक्षक बी.आर वरुण ने बताया कि गढ़चिरौली जिले के आरमोरी तालुका में वडसा वन प्रभाग के सूर्या डोंगरी शिवार में जंगली हाथियों द्वारा किसानों की मक्का फसलों को हुए नुकसान के लिए मुआवजा मंजूर किया गया है।

18 मार्च 2025 को हाथियों ने गढ़चिरौली जिले के सूर्यडोंगरी शिवार में देवीदास बालाजी मेश्राम के खेत में मक्का को नुकसान पहुंचाया। पोर्ला वन परिक्षेत्र के कर्मचारियों, कृषि सहायक और तलाठी ने तुरंत उन पर पंचनामा बनाया और मामला वडसा वन विभाग को सौंप दिया। उप वन संरक्षक, वन विभाग का वडसा कार्यालय। 26 मार्च 2025 को किसान श्री. मेश्राम के लिए मुआवजा स्वीकृत किया गया है।

इसके अलावा, वडसा वन विभाग उचित सरकारी निर्णयों के अनुसार फसल क्षति मुआवजा मामलों का यथाशीघ्र भुगतान करने की जानकारी वन संरक्षक बी.आर. वरुण ने दी है।

## उपवास जीवन में धैर्य पैदा करता है : विधायक भोंगले

**राजुरा, संतोष कुंदोजवार**



उपवास धार्मिक भावना से जुड़ा हुआ है और इसके पीछे वैज्ञानिक दृष्टिकोण छिपा है। सूर्योदय से सूर्यास्त तक उपवास करते समय मन पर बहुत नियंत्रण रखना पड़ता है। उपवास का यह पवित्र महीना जीवन में धैर्य का निर्माण करता है। इफ़्तार पार्टी अंतरधार्मिक सद्भाव का प्रतीक है। यह बात राजुरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक देवराव भोंगले ने कही।

शहर की जामा मस्जिद में विधायक देवराव भोंगले द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मौलाना साबिर नूरी, राजुरा जामा मस्जिद और मुस्लिम सोसाइटी जामा मस्जिद के जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष हाफिज मोहम्मद नसीर, राजिक कुरैशी, इलियाज पटेल, सलजीत कुरैशी, सैयद साबिर, मुर्तुजा बेग, मतीन कुरैशी, जमील खान कुरैशी, मुजीब बेग, कलीम बेग, सैयद बशीर, सैयद इरफान, अब्दुल रहीम पटेल, मोहम्मद कासिम, जमील कुरैशी, मुनीर शेख, अजहर काजी, सैयद कुरैशी, बाबा बेग, आशिम कुरैशी, असलम चौस, सैयद समीर, मैनू बेग, रुतफुल्ला बेग, सरफोद्दीन शाह, जफर पठान, करीम कुरैशी मौजूद थे।

यहां जामा मस्जिद के मौलाना साबिर नूरी ने कहा कि पहली बार कोई विधायक राजुरा स्थित जामा मस्जिद में आया और इफ्तार पार्टी का आयोजन कर सर्वधर्म सद्भाव की भावना व्यक्त की तथा सभी की खुशहाली की कामना की। विधायक देवराव भोंगले का जामा मस्जिद द्वारा अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विधायक देवराव भोंगले का मौलाना साबिर नूरी, हाफिज मोहम्मद नसीर, जामा मज्जित कमेटी के अध्यक्ष राजिक कुरैशी, इलियाज पटेल, सलजीत कुरैशी, सैयद साबिर, मुर्तुजा बेग और मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिकों ने पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर सम्मान किया।

इस अवसर पर भाजपा तालुका अध्यक्ष सुनील उरकुडे, शहर अध्यक्ष सुरेश रागीत, जिला उप अध्यक्ष विनायक देशमुख, पूर्व शहर अध्यक्ष विलास बांगीरवार, प्रशांत गुंडावार, राधेशाम अडानिया, पांडुरंग चिल्लावार, मिलिंद देशकर, सचिन दोहे, मंगेश श्रीराम, गणेश रेकलवार, वामन तुरणकर, प्रफुल घोटेकर, नितिन वासडे, आकाश पंधारे, बाबा बेग, सागर भटपलीवार, प्रफुल कवले, आसिफ सैयद, स्वप्निल पाहनपट्टे, सचिन भोयर, अभिजीत कोंडावार, अंकुश कायारकर उपस्थित थे।

## नागरिकों ने अवैध रेत तस्करों के छह ट्रैक्टर पकड़कर पुलिस के हवाले किये

> 3 ट्रैक्टर भागने में सफल रहे > हिरन घाट की घटना



**चिमूर.** बुधवार 26 मार्च को करीब 2 बजे हिरन घाट के नागरिकों ने उमा नदी के घाट पर अवैध रेत की तस्करी कर रहे 9 ट्रैक्टरों को पकड़ा और राजस्व और पुलिस विभाग को सूचित करने के बावजूद भी वे घटनास्थल पर देरी से पहुंचे और पंचनामा बनाया। हालांकि, 9 में से 3 ट्रैक्टर भागने में सफल रहे, जबकि 6 ट्रैक्टरों को चिमूर पुलिस स्टेशन में जब्त कर लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चिमूर तालुका के हरनी के नागरिकों ने बुधवार को रात करीब 1 से 2 बजे के बीच उमा नदी के हिरन घाट पर अवैध रेत की तस्करी कर रहे 9 ट्रैक्टरों को पकड़ा और राजस्व व पुलिस विभाग को सूचना दी। हालांकि, जब प्रशासन के अधिकारी घटनास्थल पर देर से पहुंचे और पंचनामा किया, तो 9 में से 3 ट्रैक्टर घटना स्थल से भागने में सफल रहे, जबकि 6 ट्रैक्टरों को चिमूर पुलिस स्टेशन में जब्त कर लिया गया है। जिले में कहीं भी रेत खदानों की नीलामी नहीं हुई है और चूंकि सरकारी आवास, सीमेंट और कंक्रीट का निर्माण बड़े पैमाने पर चल रहा है, इसलिए रेत की मांग अधिक है। इसलिए नागरिकों में चर्चा है कि जहां अवैध रेत तस्कर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर रेत की तस्करी कर रहे हैं, वहीं राजस्व और पुलिस विभाग कुंभकर्णी नींद की आड़ में जानबूझकर अवैध रेत तस्करी को मौन सहमति दे रहे हैं। संपर्क करने पर चिमूर थानेदार संतोष बाकल ने बताया कि फरार ट्रैक्टर मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जाति प्रमाणपत्र सत्यापन के लिए ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन...

**गढ़चिरोली.**

गढ़चिरौली जिले के सभी नागरिकों को जाति वैधता प्रमाण पत्र सत्यापन प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रसारित करने के लिए 1 अप्रैल, 2025 को दोपहर 12 बजे एक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया है। जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति द्वारा समर्थ पर्व के अंतर्गत यह कार्यक्रम अभ्यर्थियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और जूनियर साइंस कॉलेजों के प्राचार्यों के बीच वेबिनार के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र सत्यापन प्रक्रिया के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजित किया गया है, ताकि वे आवेदन प्रक्रिया (जैसे आवेदन कैसे करें, क्या दस्तावेज संलग्न करने होंगे आदि) के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर ऑनलाइन सुविधाओं का प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकें। वेबिनार का लिंक https://meet.google.com/qqx-zeyy-wgc है। गढ़चिरौली के उपायुक्त एवं जिला जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति के सदस्य्य श्री.देवसूदन एन. धारगावे ने अधिक से अधिक नागरिकों, विशेषकर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से इस जिला स्तरीय वेबिनार में भाग लेने की अपील की है।

## महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ विरोधात्मक रुख

> 29 अप्रैल से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की चेतावनी
> इंडिया अगेंस्ट करप्शन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत पाटिल के कड़े तेवर



**चंद्रपुर.** इंडिया अगेंस्ट करप्शन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत पाटिल ने अनियमितताओं से ग्रस्त महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के संचालन में सुधार लाने के लिए विरोध प्रदर्शन के मूड में है. महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन पर राज्य और देश को गुणवत्तापूर्ण क्रिकेटर उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। यह केवल एसोसिएशन के नेतृत्व और दूरदर्शिता से ही संभव है। हालाँकि, महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन ने अभी तक लोढ़ा समिति की सिफारिशों को स्वीकार नहीं किया है। पाटिल ने शनिवार 29 मार्च को महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन को सौंपे गए एक ज्ञापन में जोरदार मांग की है कि इन सिफारिशों को तुरंत लागू किया जाना चाहिए और जिन पदाधिकारियों ने अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है उन्हें तुरंत उनके कर्तव्यों से मुक्त किया जाना चाहिए।

पाटिल ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो वे 29 अप्रैल से महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे। पाटिल ने यह भी बताया कि मुंबई के आजाद मैदान में महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन ने पिछले 60 वर्षों से राज्य सरकार को स्टाम्प शुल्क का भुगतान नहीं किया है। पाटिल ने कहा कि महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन को इसका स्पष्टीकरण देना चाहिए। इसके साथ ही एसोसिएशन से जुड़े कई क्रिकेट क्लब पंजीकृत नहीं हैं। महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन से सम्बद्ध लगभग 60 क्लबों में से केवल 25 ही पंजीकृत हैं। पाटिल ने राय व्यक्त की कि इस बात की जांच की जानी चाहिए कि अपंजीकृत क्लबों को महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन से क्यों संबद्ध किया गया। महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन में कुप्रबंधन के कारण सरकार के खजाने को भी नुकसान हो रहा है। हालांकि पुणे में स्टेडियम के सामने की जमीन सरकारी है, लेकिन इसका इस्तेमाल महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अवैध रूप से किया जा रहा है। इस स्थान का उपयोग महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा पार्किंग के लिए किया जा रहा है। पाटिल ने मांग की है कि महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन में चल रहे भ्रष्ट आचरण की जांच के लिए एक विशेष उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की जाए। पाटिल ने चेतावनी दी है कि यदि महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन ने उनकी मांगें तुरंत स्वीकार नहीं कर लीं तो वे आंदोलन करेंगे। पाटिल ने विश्वास व्यक्त किया कि यह आंदोलन एसोसिएशन की कार्यप्रणाली में सुधार लाने में मार्गदर्शक का काम करेगा।




## सुविचार

जीवन किसी से बंधा नहीं होता 'पार्थ' बंधी होती हैं तो उम्मीदें, भावनाएं और भरोसा

## संपादकीय

# थाईलैंड-म्यांमा में कुदरत का कहर



❍ थाईलैंड और म्यांमार में शुक्रवार को आए भूकंप और उससे हुई तबाही ने एक बार फिर दुनिया के सामने इस चुनौती से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर ठोस उपाय करने की जरूरत को रेखांकित किया है। म्यांमार में रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 7.7 मापी गई। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक म्यांमार में पहले झटके के बारह मिनट के बाद दूसरा झटका आया, जिसकी तीव्रता 6.4 थी। खबरों के मुताबिक, इस भूकम्प से भारी तबाही हुई है और हजारों लोगों के मरने की आशंका है। वहीं थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में भी कई इलाकों से इमारतों के गिरने, सड़कों में दरारें आने और पुल के धराशायी होने सहित बड़े पैमाने पर नुकसान होने की खबरें आईं। बताया जा रहा है कि बीते एक दशक के दौरान यह पहली बार है जब बैंकाक में इतना तेज भूकम्प महसूस किया गया। हालांकि थाईलैंड को भूकम्प के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील नहीं माना जाता है, शायद इसीलिए वहां भवनों को बनाने के क्रम में भूकम्परोधी तकनीक का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी नहीं माना जाता। मगर चूंकि थाईलैंड के पड़ोस में स्थित म्यांमा में अधिक भूकम्प आते हैं, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर संभव सहायता देने और अधिकारियों को तैयार रहने को कहा। पिछले कुछ दशकों से कुदरती आपदाओं के स्वरूप में तेजी से बदलाव आता दिख रहा है। भारत में भी आए दिन भूकम्प केझटके किसी बड़ी आशंका के संकेत हो सकते हैं। प्राकृतिक आपदा को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उससे बचाव के पुख्ता इंतजाम करके उससे होने वाले नुकसान को कम जरूर किया जा सकता है।

# आज ईद-उल-फितर



भारत सहित पूरे विश्व में सोमवार को ईद-उल-फितर का त्यौहार धूम-धाम से मनाया जाएगा। यह इस्लाम धर्म के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है, जो रमजान के पवित्र महीने के समाप्त होने के साथ आता है। इस दिन मुस्लिम समुदाय विशेष नमाज अदा करता है, जरूरतमंदों को दान देता है और परिवार व दोस्तों के साथ खुशियां बांटता है।

ईद-उल-फितर क्यों मनाई जाती है? ईद-उल-फितर को 'मीठी ईद' भी कहा जाता है। इस त्योहार की शुरुआत पैगंबर मुहम्मद के समय से मानी जाती है। इस्लामी मान्यताओं के अनुसार, रमजान के पूरे महीने मुस्लिम समुदाय के लोग रोज़ा (उपवास) रखते हैं और इबादत करते हैं। ऐसा माना जाता है कि रमजान के महीने में ही पैगंबर मुहम्मद को पवित्र कुरआन के पहले आयतों का ज्ञान प्राप्त हुआ था। ईद-उल-फितर का दिन रोज़े के समाप्ति की खुशी को दर्शाता है और यह इस बात की निशानी है कि एक महीने की इबादत और आत्म-संयम के बाद अल्लाह की दी हुई नेमतों के लिए कृतज्ञता प्रकट की जाए। इस दिन विशेष रूप से 'फितरा' (दान) देने की परंपरा है, जिससे समाज के गरीब और जरूरतमंद भी त्योहार की खुशियों में शामिल हो सकें।

❍ **ईद की परंपराएं और रीति-रिवाज:** 1. चांद देखने की परंपरा – ईद की तारीख इस्लामी चंद्र कैलेंडर पर निर्भर करती है। रमजान के 29वें या 30वें दिन चांद देखने के बाद ईद मनाई जाती है। 2. ईद की नमाज – इस दिन सुबह विशेष नमाज अदा की जाती है, जिसमें पूरी दुनिया के मुस्लिम भाईचारे के लिए अमन-शांति की दुआ की जाती है। 3. सदका-ए-फितर (दान) – ईद से पहले हर सक्षम व्यक्ति को गरीबों और जरूरतमंदों को दान देना होता है, जिससे वे भी त्योहार की खुशियों में शामिल हो सकें। 4. मीठे पकवान – इस दिन विशेष रूप से सेवइयां, शीर खुरमा और अन्य मीठे व्यंजन बनाए जाते हैं, जिन्हें रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ साझा किया जाता है।

**ईद का सामाजिक और आध्यात्मिक महत्व:** ईद-उल-फितर केवल एक धार्मिक त्यौहार ही नहीं, बल्कि भाईचारे, दयालुता और मानवता का संदेश भी देता है। यह दिन हमें आत्म-संयम, त्याग और जरूरतमंदों की सहायता करने की सीख देता है। इस वर्ष भारत में ईद-उल-फितर को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों में रौनक है, लोग नए कपड़े खरीद रहे हैं और घरों में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। ईद मुबारक!

### ईद का दिन

हज़रत अनस रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूले करीम हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने इरशाद फरमाया कि "जब शबे क़द्र होती है तो जिब्राइल अलैहिस्सलाम फ़रिश्तों की एक जमाअत के साथ नाज़िल होते हैं जो हर उस बंदे के लिए ख़ुदा तआला से रहमत की दुआ करते हैं जो खड़े बैठे अल्लाह का ज़िक्र कर रहा हो, फिर जब ईद का दिन होता है तो अल्लाह तआला फ़रिश्तों के सामने फख्र से फरमाते हैं (कि देखो इन लोगों ने एक माह के रोज़े रखे और हुक्म माना) और फ़रमाते हैं कि-ऐ मेरे फ़रिश्तों! बताओ उस मज़दूर की क्या जज़ा है जिसने अमल पूरा कर दिया हो? वे अर्ज़ करते है कि ऐ हमारे रब उसकी जज़ा यह है कि उसका बदला पूरा पूरा दे दिया जाए, अल्लाह तआला फ़रमाते हैं कि - ऐ मेरे फ़रिश्तों! मेरे बंदों और मेरे बंदियों ने मेरा फ़रीज़ा पूरा कर दिया जो उन पर लाज़िम था अब दुआ में गिड़गिड़ाने के लिए निकले हैं, क़सम है मेरे इज़्ज़त व जलाल और करम की मैं ज़रूर उनकी दुआ कुबूल करूंगा, फ़िर बन्दों को इरशादे बारी तआला होता है कि मैंने तुमको बख़्श दिया और तुम्हारी बुराइयों को नेकियों से बदल दिया, लिहाज़ा इसके बाद (ईदगाह से) बख्शें बख्शाए वापस होते हैं (बहीकी फ़ी शोबुल ईमान)।

सदकातुल फ़ित्र ईद के दिन सदक़ातुल फ़ित्र अदा करें जो साहिबे निसाब पर वाजिब है, हदीस पाक में है कि सदक़ातुल फ़ित्र रोज़ो को गंदी बातों से पाक करने के लिए है और मिस्कीनों की रोज़ी के लिए मुक़र्रर किया गया है। (अबु दाऊद)

### ईद की नमाज़

शव्वाल के महीने की पहली तारीख़ को ईदुल फ़ित्र और ज़िलहिज्जा की दसवीं तारीख़ को ईदुल अज़्हा मनाई जाती है। यह दोनों दिन इस्लाम में ईद और खुशी के दिन हैं और इन दोनों दिनों में बतौर शुक्र 2-2 रकात नमाज़ पढ़ना वाजिब है। नमाज़े जुम्मा के वजूब और सेहत के लिए जो शराइत जुमा के बारे में आते हैं वही सब ईदैन की नमाज़ में भी लागू होते हैं, सिवाय ख़ुत्बा के, कि जुम्मा की नमाज़ में खुद शर्त है और नमाज़ से पहले पढ़ा जाता है जबकि ईदैन की नमाज़ में शर्त नहीं सुन्नत है और नमाज़ के बाद पढ़ा जाता है। मगर ईदैन के ख़ुत्बे का सुनना भी जुम्मा के ख़ुत्बे की तरह वाजिब है यानी उस वक्त बातचीत करना या नमाज़ पढ़ना सब नाजायज़ है।

**ईद की नमाज का तरीका:** ईदैन की नमाज़ का तरीक़ा यह है कि दिल में यह नियत करें कि मैं 6 तकबीरों के साथ ईद की 2 रकात वाजिब नमाज़ पढ़ता हूं। नियत के अल्फाज़ ज़बान से कहना ज़रूरी नहीं, दिल में इरादा कर लेना काफी है। नियत करके ईमाम साहब के तकबीर कहने पर हाथ बांध लें और सना सुबहानाकल्लाहुम्मा... "आख़िर तक पढ़ कर 3 मर्तबा अल्लाहु अकबर " कहें। हर मर्तबा तकबीरे तहरीमा की तरह दोनों हाथ कानों तक उठाएं और तकबीर के बाद हाथ लटका दें (छोड़ दे)। इमाम दो तकबीरों के दरमियान इतनी देर तक ठहरे जिसमें 3 मर्तबा सुब्हानल्लाह कहा जा सके। तीसरी तकबीर के बाद हाथ बांध लें और इमाम साहब आउज़ुबिल्लाह और बिस्मिल्लाह पढ़कर सूरह फातिहा और कोई सूरत पढ़कर रुकू व सजदा करके खड़ा होंगे। दूसरी रकात में ईमाम साहब के सूरह फातिहा और कोई सूरत पढ़ने के बाद 3 तकबीरें इस तरह करें कि हर मर्तबा हाथ कानों तक उठाएं और चौथी तकबीर में हाथ ना उठाएं बल्कि तकबीर कहते हुए सीधे रूकू में चले जाएं। सजदा वगैरा कर नमाज़ मुकम्मल कर ईमाम साहब के सलाम फेरने के साथ सलाम फेर लिया जाए। ईमाम साहब नमाज़ के बाद ख़ुत्बा पढ़ते हैं, मुकतदियों को ख़ूब ध्यान से सुनना चाहिए।

# ईद पर बनाएं शीर-खुरमा और किमामी सेवई



❍ ईद पर घरों में कई स्वादिष्ट व्यंजन बनाए जाते हैं, लेकिन मीठी सेवई सबसे जरूरी डेजर्ट होता है. चलिए त्योहार को और भी शानदार बनाने के लिए जान लेते हैं सेवई से बनने वाले शीर खुरमा और किमामी सेवई की रेसिपी. इस्लाम धर्म में बरकतों और खुशियों का दिन ईद, हर किसी के लिए खास होती है. इस दिन बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई उत्साहित रहता है. रमजान के महीने के बाद आने वाले ईद के त्योहार को लेकर काफी पहले से ही तैयारियां शुरु कर दी जाती हैं. इस दिन लोग एक-दूसरे के घर मिलने जाते हैं. शिकायते-शिकवे भुलाकर गले मिलते हैं और मुबारकबाद देते हैं. बच्चे जहां नए कपड़े पहनने को लेकर और ईदी के लिए एक्साइटेड रहते हैं तो घर के बड़े त्योहार की रौनक और भी बढ़ाने के लिए कई तरह के व्यंजन बनाने में लगे रहते हैं. ईद-उल-फितर के मौके पर घरों में सेवई जरूर बनाई जाती हैं जो रिश्तों में भी मिठास घोलने का काम करती हैं. सेवईयों की खुशबू हर किसी को अपनी तरह खींचती है. इससे बनने वाले स्वादिष्ट डेजर्ट मुंह में स्वाद घोल देते हैं. ईद पर फैमिली का मुंह मीठा करवाना हो या फिर मेहमानों का स्वागत डेजर्ट से करना हो. सेवई तो ईद का सबसे मुख्य व्यंजन है. तो चलिए जान लेते हैं शीर खुरमा और किमामी सेवईयां बनाने की रेसिपी. ईद पर बनने वाले डेजर्ट्स में से किमामी सेवई ज्यादातर लोगों को पसंद आती हैं. इसे बनाने के लिए आपको चाहिए होगी सेवई, हरी इलायची का पाउडर, केवड़ा, खाने वाला लाल रंग, देसी घी और काजू, बादाम, पिस्ता, चिरौंजी, किशमिश जैसे ड्राई फ्रूट्स. किमामी सेवई में दूध यूज नहीं होता है, जबकि शीर खुरमा दूध से बनने वाला डेजर्ट है. इसके लिए आपको सेवई चाहिए होंगी. सेवई की मात्रा के मुताबिक फुल क्रीम दूध लें. इसके साथ ही आपको चाहिए होगा सूखा कद्दूकस किया नारियल, केसर के कुछ धागे, हरी इलायची का पाउडर, दो चम्मच खजूर का गूदा, 10 से 12 किशमिश, कटे हुए बादाम, काजू, और पिस्ता. आधा चम्मच खस-खस और स्वाद के मुताबिक चीनी. सबसे पहले पैन में देसी घी डालकर गर्म करें और इसमें कटे बादाम, पिस्ता, काजू को रोस्ट कर लें. इसके बाद सेवइयों को भी रोस्ट करें. अब एक मोटे तले वाले बड़े पैन में दूध को गर्म करें और इसे तब तक धीमी आंच पर पकाएं जब तक कि इसमें हल्का गाढ़ापन न दिखने लगे. इसमें चीनी डालकर घुलने तक वेट करें और फिर सेवई, खजूर, ड्राई फ्रूट्स और इलायची पाउडर और केसर के धागे डालें. सेवई को 5 मिनट तक पकाएं और फिर गैस ऑफ कर दें. इसके बाद थोड़े से खजूर और नट्स से गार्निश करके सर्व करें.

# डॉ. प्रीति मानमोड़े की ओर से गुढ़ी पाडवा की शुभकामनाएं

> भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश महामंत्री और नागपुर जिला आरोग्य सेवा समन्वय समिति की अध्यक्ष

गुढ़ी पाडवा, भारतीय नववर्ष का आगमन, हर वर्ष हमारे जीवन में नई उमंग और समृद्धि लेकर आता है। यह पर्व न केवल महाराष्ट्र, बल्कि सम्पूर्ण भारत में नए वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। इस दिन का विशेष महत्व है क्योंकि इसे एक नए दौर के आरंभ के रूप में मनाया जाता है, जब हम अपनी पुरानी परेशानियों और अंधकार से बाहर निकलकर उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ाते हैं। इस विशेष अवसर पर भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश की महामंत्री और नागपुर जिला आरोग्य सेवा समन्वय समिति की अध्यक्ष डॉ. प्रीति मानमोड़े ने नागपुरवासियों को गुढ़ी पाडवा की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा,गुढ़ी पाडवा हमारे जीवन में सकारात्मकता, खुशियाँ और समृद्धि लेकर आए। यह अवसर हमें एकजुट होकर समाज में अच्छाई और समृद्धि फैलाने का प्रेरणा देता है। डॉ. प्रीति मानमोड़े ने इस दौरान लोगों से अपील की कि वे इस अवसर पर एकजुटता और भाईचारे के साथ समाज के कल्याण में योगदान दें। डॉ. प्रीति मानमोड़े ने अपनी नि:स्वार्थ सेवा से समाज में एक मिसाल कायम की है।












उनके द्वारा किए गए चिकित्सा और सामाजिक कार्यों ने लाखों लोगों की ज़िंदगी बदल दी है। उन्होंने चिकित्सा सेवा, महिला सशक्तिकरण, और समाज सेवा के क्षेत्रों में अपने अथक प्रयासों से नागपुर और आसपास के क्षेत्रों में एक बड़ा बदलाव लाया है। उनकी एक उल्लेखनीय पहल बीजेपी मेडिकल सेल के तहत 17 फरवरी 2022 को आयोजित एक विशेष स्वास्थ्य शिविर थी, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया था। इस शिविर में 33 मरीजों की कैंसर सर्जरी नि:शुल्क की गई, जो आर्थिक रूप से कमजोर थे और महंगे इलाज का खर्च उठाने में सक्षम नहीं थे। यह कैंसर सर्जरी उन जरूरतमंद मरीजों के लिए एक जीवनदायिनी कदम साबित हुई। डॉ. प्रीति मानमोड़े ने कामठी के आशा अस्पताल में महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत एक विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की सर्जरी एक ही दिन में सफलतापूर्वक की गई। इस आयोजन से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। यह आयोजन समाज के वंचित वर्ग के लिए एक बड़ी राहत साबित हुआ और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को व्यापक रूप से बढ़ाया। डॉ. मानमोड़े ने नागपुरवासियों को कहा कि इस नए वर्ष में हम सब मिलकर अपने समाज के हर वर्ग की सेवा करें, खासकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में समर्पण और निष्ठा के साथ। इस गुढ़ी पाडवा के अवसर पर हम सब अपने परिवारों और समाज के लिए एक नई शुरुआत करें, जिसमें हम एक-दूसरे के साथ मिलकर एक बेहतर, स्वस्थ और सुखमय जीवन की ओर कदम बढ़ाएँ।

# दो बार करा चुका था एंजियोप्लास्टी, तीसरी बार करवाने का था डर!

## रमेश नाथूराम पोरलवार को मिला आराम, डॉ. प्रदीप पाटिल के श्री स्वामी समर्थ हॉस्पिटल में कराया ईईसीपी ट्रीटमेंट

**नागपुर :** चार साल के भीतर मुझे दो बार एंजियोप्लास्टी करानी पड़ी थी. फिर चार साल बाद फिर से तीसरी बार एंजियोप्लास्टी करवानी पड़ेगी, इसका डर हमेशा मन में बना रहता था. वहीं, सीने में बार-बार दर्द जैसा महसूस होता था. उम्र को देखते हुए और कई लोगों के अनुभव सुनने के बाद मैंने डॉ. प्रदीप पाटिल के त्रिमूर्तिनगर स्थित श्री स्वामी समर्थ हॉस्पिटल में ईईसीपी ट्रीटमेंट कराने का फैसला किया. मैंने पूरा 30-35 दिन का ट्रीटमेंट लिया. अब मुझे किसी भी तरह का डर नहीं लग रहा है, यह कहना है रमेश नाथूराम पोरलवार का.




### बायपास की दी गई थी सलाह, बिना सर्जरी मिला आराम

मैं फिलहाल 76 साल का हूं. नौ साल पहले 2016 में मुझे सीने में बार-बार दर्द होता था. डॉक्टर के पास गया तो उन्होंने एंजियोग्राफी करवाई, जिसमें कुछ ब्लॉकेज पाए गए. इसके बाद उन्होंने एंजियोप्लास्टी करने को कहा. मैंने एंजियोप्लास्टी भी करवाई, लेकिन दर्द पूरी तरह खत्म नहीं हुआ. 2020 में मुझे फिर वही समस्या हुई और दूसरी बार एंजियोप्लास्टी करानी पड़ी. इसके बाद चार साल तक मुझे सीने में कुछ खास दर्द नहीं था, लेकिन कभीë-कभी सीने में दर्द होता था. इसलिए मन में डर बैठ गया था कि क्या तीसरी बार भी Angioplasty करानी पड़ेगी.

इसी बीच, मैं डॉ. प्रदीप पाटिल के लेख पढ़ता रहता था, जिसमें ईईसीपी ट्रीटमेंट के बारे में जानकारी मिलती थी. इससे मुझे यह पता चला कि जिन लोगों को बायपास की सलाह दी गई थी, उन्हें बिना सर्जरी ही इस ट्रीटमेंट से आराम मिला है. वहीं, मैंने उनके पास उपचार कराने वाले मरीजों के अनुभव भी सुने. इस बारें में मैंने और भी जानकारी हासिल की. इसके बाद मैंने एंजियोप्लास्टी या बायपास की जरूरत न पड़े, इसलिए सतर्कता के तौर पर ईईसीपी ट्रीटमेंट कराने का फैसला किया. मैंने पूरी सीटिंग्ज की. इसके बाद अब मुझे कोई डर नहीं है. ट्रीटमेंट के दौरान मुझे दूसरे मरीजों के अनुभव सुनने का भी मौका मिला, जिससे इस उपचार पर मेरा भरोसा और बढ़ता गया. इस उपचार का कई मरीजों को फायदा होता दिखाई दे रहा था.


**- रमेश नाथूराम पोरलवार,**
टाकली सिम, बुद्ध विहार के पास, हिंगना रोड, नागपुर



**Dr. Pradeep M. Patil**
Non Surgical E.E.C.P./ACT/ Treatment Specialist Phoenix USA
Preventive Cardiologist
M.D. Dip in Preventive Cardiology
(Executive Member International Cardiology EECP Society) Vast 21 yrs of experience




**Dr. Kaustubh D. Khetre**
M.B.B.S., MD
(Community Medicine Certificate OF EECP)
(International Cardiology EECP Society USA)



**Dr. Rucha Patil Khetre**
M.B.B.S., MD (ANAESTHESIA)
Fellowship in Cardiac Rehabilitation Certificate of E.E.C..P
(International Cardiology E.E.C.P. Society USA)





श्री स्वामी समर्थ हॉस्पिटल
In Collaboration with
हिल युवर हार्ट सेंटर VASOMEDITECH
Heal Your Heart
पत्ता: प्लॉट नं.57/बी, गजानन महाराज मंदिर च्या मागे, त्रिमुर्ती नगर, नागपूर
मोबाईल क्र. 7083493268, 8390381479 Website : www.eecpsssh.com

# रामायण में स्त्री पात्र

रामायण संस्कृत साहित्य के इतिहास में उन विशिष्ट कृतियों में से एक है, जिसने परिवार और सामाजिक आदर्शों के माध्यम से जीवन में व्यापक दृष्टि को पेश किया है। भारत में वेद, पुराण और महाकाव्य भारतीय चिंतन और संस्कृति के केंद्र हैं। महाकाव्यों का समाज पर शक्तिशाली प्रभाव है क्योंकि इसमें क्योंकि इनमें दर्शन की एक सतत धारा प्रवाहित है। वेदों में विस्तार से , मनुष्य की चार सिद्धियों, अर्थ, काम, धर्म और मोक्ष को प्राप्त करके सुख और आनंद प्राप्त करने का प्रयास के बारे में शिक्षा दी गयी है वहीँ रामायण में इन सिद्धियों को प्राप्त करने की विधि का वर्णन मिलता है । मानव जीवन का मुख्य उद्देश्य अपने भीतर ईश्वर रुपी आत्मा को जानना है और यही भारतीय सभ्यता का प्रमुख उद्देश्य रहा है। एस वी पार्थसारथी की राय में, 'आप रामायण को राम जिन्हें हम ईश्वर मानते हैं की स्तुति करने के लिए नहीं पढ़ते बल्कि हम इसे अपने जीवन को आदर्श बनाने के लिए पढ़ते हैं ।भारत की पौराणिक कथाएं सदियों से जीवित हैं क्योंकि इनमें वो पात्र हैं जो जीवन के कुछ आदर्शों के प्रतीक हैं। ऐसे चरित्रों और आदर्शों को इन कहानियों में प्रस्तुत किया गया है ताकि वे व्यक्तियों के व्यक्तित्व के विकास के लिए और सामाजिक व्यवहार के लिए प्रेरित करें । रामायण महाकाव्य को पढ़ने का उद्देश्य है: कि कोई भी व्यक्ति इसके प्रति सचेत हुए बिना नए व्यक्तित्व का निर्माण कर सकता है। इस महाकाव्य से व्युत्पन्न कई उपअर्थ हैं। यह महाकाव्य मनुष्य के लिए मनोवैज्ञानिक विकास की एक प्रक्रिया के और अपने स्वयं के मूल की परिधि से आगे बढ़ने की शिक्षा देता है। यह महाकाव्य व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक स्तरों पर उन संदर्भित आदर्शों के प्रति एक आवश्यक आंदोलन का सुझाव देता है।वाल्मीकि ईसा पूर्व पहली सहस्राब्दी में कवि थे जिन्हें 'आदि कवि' (प्रथम कवि) माना जाता है। उन्होंने श्लोक (संस्कृत के दोहे) का आविष्कार किया जो संस्कृत कविता का एक परिभाषित कारक बन गया। गोस्वामी तुलसी दास ने रामायण को रामचरितमानस के रूप में अवधी भाषा में अनुवादित किया है।रामायण में महिला पात्रों का एक अध्ययन न केवल उनकी व्यक्तिगत विशेषताओं बल्कि सूक्ष्म विरोधाभासों और उन आदर्शों को उजागर करता है आदिकाल से मानव समाज का हिस्सा रहें हैं।

**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादक: ... मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI NO. - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रकिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

# रिकी पॉन्टिंग के बेटे फ्लेचर पॉन्टिंग की संघर्ष भरी यात्रा



नई दिल्ली. उम्र महज 10 साल और दो बार मौत को मात. हम बात कर रहे हैं रिकी पॉन्टिंग के बेटे फ्लेचर पॉन्टिंग की, जिनकी हालत दो बार इतनी खराब हो गई कि उनके पिता खुद को असहाय महसूस करने लगे थे. 26 सितंबर 2014 को जन्में फ्लेचर पॉन्टिंग को पहले मेनिनजाइटिस ने परेशानी में डाला और फिर हार्निया सर्जरी के दौरान हुए इंफेक्शन ने उनकी हालत खराब कर दी. दोनों बार फ्लेचर की जान बड़ी मुश्किल से बच पाई. लेकिन अब वो पूरी तरह से फिट हैं और अपने पिता जैसा क्रिकेटर बनने की राह पर चलते दिख रहे हैं. रिकी पॉन्टिंग के बेटे में उनके जैसी कितनी काबिलियत है, उसका पता आईपीएल 2025 के दौरान उनकी प्रैक्टिस को देखकर चलता है.

**जन्म के 8 महीने के अंदर दो बार दी मौत को मात**

फ्लेचर पॉन्टिंग अब 10 साल के है. लेकिन, अपनी इस छोटी सी जिंदगी के पहले 8 महीनों में ही उन्होंने दो बार मौत को हरा दिया है. पहली बार ऐसा तब हुआ था, जब सिर्फ 6 हफ्ते के फ्लेचर को मेनिनजाइटिस हुआ था. इसमें मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को ढकने वाली झिल्लियों में संक्रमण या सूजन हो जाता है. इस बीमारी से उबरकर फ्लेचर पॉन्टिंग जब 8 महीने के हुए तो हार्निया सर्जरी के दौरान उन्हें इंफेक्शन हो गया और उनकी हालत बहुत ज्यादा बिगड़ गई. रिकी पॉन्टिंग के परिवार के लिए ये बेहद परेशानी वाले पल थे. मगर उनके बेटे ने इस बार भी बीमारी को हराने में कामयाबी हासिल की.

जैसा बाप, वैसा बेटा... जबरदस्त प्रैक्टिस की

आईपीएल के दौरान लगभग हर साल फ्लेचर पॉन्टिंग अपने पिता के साथ भारत आते हैं. और आईपीएल 2025 के दौरान भी वो भारत में ही हैं. पंजाब किंग्स ने पिता के साथ फ्लेचर पॉन्टिंग की प्रैक्टिस का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो करारे शॉट्स लगाते दिख रहे हैं. कवर ड्राइव, पुल शॉट, स्ट्रेट ड्राइव जैसे हर वो शॉट जो उनके पिता कभी क्रिकेट के मैदान पर लगाकर गेंदबाजों की नींदें उड़ाया करते थे, फ्लेचर भी वैसे ही लगाते दिख रहे हैं. फ्लेचर पॉन्टिंग भले ही आईपीएल नहीं खेल रहे लेकिन पंजाब किंग्स के हेड कोच और उनके पिता रिकी पॉन्टिंग ने जो उन्हें प्रैक्टिस कराई, वो मैच जीतने वाली की गई प्रैक्टिस से कम नहीं रही.

**पंजाब किंग्स का अगला मैच एलएसजी के साथ**

रिकी पॉन्टिंग की हेड कोचिंग और नए कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में पंजाब किंग्स आईपीएल 2025 में अपने अभियान का आगाज जीत के साथ किया है. अब अगला मैच उसका लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ है. .ये मैच एलएसजी के मैदान पर होगा, जहां ज्यादा रन बनते नहीं. ऐसे में देखना दिलचस्प होगा की पहले मैच में 97 रन पर नाबाद रहे श्रेयस अय्यर अपनी इनिंग को कैसे आगे बढ़ाते हैं.

# मुंबई इंडियंस की शुरुआत रही निराशाजनक



**नई दिल्ली.** मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल 2025 की शुरुआत कुछ खास नहीं रही है. वह शुरुआत में ही लगातार 2 मुकाबले हार चुकी है. गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मैच में मुंबई की टीम काफी कमजोर साबित हुई, जिसके चलते उसे 36 रनों से हार का सामना करना पड़ा. इस मैच में मुंबई इंडियंस एक बड़े बदलाव के साथ मैदान पर उतरी थी. कप्तान हार्दिक पंड्या ने इस मुकाबले से अपने सीजन की शुरुआत की. वह टीम के पहले मैच में प्लेइंग 11 का हिस्सा नहीं थे. लेकिन पंड्या ने आईपीएल में अपनी वापसी पर ही एक बड़ी गलती कर दी.

आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस ने अपना पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेला था. उस मैच में हार्दिक पंड्या एक मैच के बैन के चलते नहीं खेल सके थे. दरअसल, पिछले सीजन में मुंबई के आखिरी मैच में हार्दिक पंड्या पर स्लो ओवर रेट के चलते 1 मैच का बैन लगा था. लेकिन तब तक वह लीग से बाहर हो गई थी. ऐसे में उन्हें मौजूदा सीजन के पहले मैच में बाहर बैठना पड़ा. मगर, पंड्या ने अपनी उस गलती से सबक नहीं लिया और आते ही स्लो ओवर रेट में फंस गए.गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में मुंबई इंडियंस की टीम समय पर 20 ओवर फेंकने में नाकाम रही. जिसके चलते उन्हें गुजरात की पारी के आखिरी ओवर में दंडित किया गया. इस ओवर में उसे 30 यार्ड सर्कल में एक फिल्डर ज्यादा रखना पड़ा. हालांकि, इस बार स्लो ओवर रेट के चलते आईपीएल में किसी भी कप्तान को बैन नहीं किया जाएगा. इस बार आईपीएल में आईसीसी की तरह डिमेरिट पॉइंट सिस्टम लागू किया है. ये डिमेरिट पॉइंट तीन साल तक रहेंगे.

साल 2022 से सबसे ज्यादा हार

मुंबई इंडियंस आईपीएल की सबसे सफल टीमों में से एक हैं. वह 5 बार इस लीग का खिताब जीत चुकी है. लेकिन साल 2022 से इस टीम के खेल में काफी गिरावट आई है. आईपीएल 2022 से मुंबई इंडियंस ने कुल 29 मैच हारे हैं, जो बाकी टीमों के मुकाबले सबसे ज्यादा हैं. मुंबई इंडियंस के अलावा किसी भी टीम ने 26 से ज्यादा मैच नहीं गंवाए हैं. हालांकि, मुंबई की टीम अपनी वापसी के लिए जानी जाती है.

# दिल्ली कैपिटल्स का स्मार्ट फैसला, मिचेल स्टार्क का सनसनीखेज प्रदर्शन



**नई दिल्ली.** दिल्ली कैपिटल्स को अब अपने फैसले पर नाज हो रहा होगा. क्योंकि वाइजैग के मैदान पर उसका असर साफ-साफ दिखा है. उसके उस फैसले के चलते महज 7 गेंदों में सनराइजर्स हैदराबाद का गुरूर टूटा है. यहां गुरूर से मतलब सनराइजर्स के टॉप ऑर्डर से है, जिसमें ऐसे बल्लेबाज भरे पड़े हैं जो अपने आक्रामक मिजाज और बड़ा स्कोर करने लिए मशहूर है. लेकिन, दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सनराइजर्स का वो टॉप ऑर्डर बुरी तरह तबाह हो गया. आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में दिल्ली फ्रेंचाइजी का मिचेल स्टार्क को खरीदने का फैसला रंग लाया. वाइजैग के मैदान पर स्टार्क ने अपने पहले स्पेल की 7 गेंदों में सनराइजर्स के 3 विकेट गिराए, जिसमें ट्रेविस हेड और ईशान किशन के विकेट भी शामिल रहे.

7 गेंदों में स्टार्क ने तोड़ा एसआरएच का गुरूर! मिचेल स्टार्क ने अपने विकेट लेने की शुरुआत ईशान किशन से की. उन्होंने अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद पर ईशान को चलता किया. इसी ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने नीतीश कुमार रेड्डी जैसे तूफानी ऑलराउंडर को भी आउट कर डगआउट भेजा. अपने दूसरे ओवर में 2 विकेट लेने वाले स्टार्क जब अगला ओवर लेकर आए तो पहली गेंद पर ही एसआरएच को बड़ा घाव दे दिया. इस बार उन्होंने ट्रेविस हेड के खिलाफ अपने बेहतरीन ट्रैक रिकॉर्ड को बरकरार रखते हुए उन्हें आउट कर दिया.

**अभिषेक के रनआउट से भी स्टार्क का कनेक्शन!**

मतलब अपने पहले स्पेल में सिर्फ 7 गेंदों में मिचेल स्टार्क ने सनराइजर्स हैदराबाद को 3 बड़े झटके दिए. अभिषेक वर्मा का विकेट मिचेल स्टार्क भले ना ले पाएं. लेकिन उनके विकेट से भी उनका कनेक्शन कहीं ना कहीं जरूर जुड़ा है. दरअसल, अभिषेक मैच के पहले ओवर में रनआउट हुए थे, जो कि मिचेल स्टार्क ही डाल रहे थे.

टी20 में पहली बार ये कारनामा

पहले स्पेल में झटके इन 3 विकेटों के बाद स्टार्क ने अपने दूसरे स्पेल में आकर दो और विकेट लिए. इस तरह उन्होंने मैच में कुल 5 विकेट लिए. इस तरह वो आईपीएल 2025 में ही नहीं बल्कि टी20 करियर में भी पहली बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया. आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने मिचेल स्टार्क को 11.75 करोड़ रुपये में खरीदा था. अब मैदान पर वो खुद पर खर्च हुए रकम की पाई-पाई अदा करते दिख रहे हैं. उन्होंने ना सिर्फ एसआरएच के गुरूर कहे जाने वाले बल्लेबाजों को आउट किया बल्कि वैसा करते हिए पर्पल कैप की रेस में भी खुद को सबसे आगे खड़ा कर लिया है.

# गुजरात टाइटंस की शानदार जीत, पॉइंट्स टेबल में उथल-पुथल




**नई दिल्ली.** आईपीएल 2025 में अभी तक 9 मुकाबले खेले जा चुके हैं. इस दौरान 8 टीमें जीत का खाता खोल चुकी हैं. वहीं, मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स को अभी भी अपनी पहली जीत का इंतजार है. सीजन का 9वें मैच में गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ एक शानदार जीत दर्ज की. ये इस सीजन में गुजरात टाइटंस की पहली जीत थी. गुजरात टाइटंस की इस जीत का असर पॉइंट्स टेबल में देखने को मिला, जहां जीटी ने उथल पुथल मचा दी.

पॉइंट्स टेबल में गुजरात टाइटंस की लंबी छलांग

गुजरात टाइटंस इस मुकाबले से पहले पॉइंट्स टेबल में 9वें नंबर पर थी. लेकिन मुंबई इंडियंस को हराने के बाद उसे काफी फायदा मिला है. वह अब सीधे तीसरे नंबर पर पहुंच गई है. इसके अलावा उसका नेट रन रेट पॉजिटिव हो गया है. मुकाबले से पहले गुजरात टाइटंस का नेट रन रेट -0.550 था, जो अब 0.625 हो गया है. दूसरी ओर मुंबई इंडियंस को इस हार के बाद पॉइंट्स टेबल में भी झटका लगा है. वह 8वें नंबर से 9वें नंबर पर पहुंच गई है. इसी के साथ उसका नेट रन रेट -1.163 का हो गया है, जो पहले -0.493 था.

टॉप पर बरकरार आरसीबी की टीम

इस बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने काफी शानदार आगाज किया है. उसने अपने शुरुआती दोनों मैच जीते हैं, जिसके चलते वह 2.266 के नेट रन रेट और 4 पॉइंट के साथ पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर बनी हुई है. वहीं, लखनऊ की टीम दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर है. दूसरी ओर पंजाब किंग्स की टीम तीसरे से चौथे नंबर पर पहुंच गई है. दिल्ली की टीम भी 1 मैच में 1 जीत के साथ 5वें नंबर पर बनी हुई है.

सनराइजर्स हैदराबाद फिलहाल छठे नंबर पर है. उसने सीजन की शुरुआत एक दमदार जीत के साथ की थी. लेकिन अपने दूसरे मैच में उसे लखनऊ की टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा. डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाईट राइडर्स की बात की जाए तो वह फिलहाल 7वें नंबर पर है. उसने 2 मैच खेले हैं और 1 मैच में जीत हासिल की है. सीएसके की

## विराट कोहली की संघर्षपूर्ण पारी, बेंगलुरु की जीत का सिलसिला जारी




**नई दिल्ली.** आईपीएल के 18वें सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक अपने दोनों मुकाबलों में जीत हासिल की है। हालाकि 28 मार्च को एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेले गए मुकाबले में दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली संघर्ष करते हुए दिखाई पड़े। वह इस मैच में 30 गेंदों में 2 चौके और एक छक्के संग 31 रन बनाकर आउट हुए। विराट कोहली अपनी इस संक्षिप्त पारी के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाज खलील अहमद को घूरते और उलझते हुए नजर आए।

आईपीएल के 18वें सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक अपने दोनों मुकाबलों में जीत हासिल की है। हालाकि 28 मार्च को एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेले गए मुकाबले में दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली संघर्ष करते हुए दिखाई पड़े। वह इस मैच में 30 गेंदों में 2 चौके और एक छक्के संग 31 रन बनाकर आउट हुए। विराट कोहली अपनी इस संक्षिप्त पारी के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाज खलील अहमद को घूरते और उलझते हुए नजर आए।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के बाद विराट कोहली चेन्नई सुपर किंग्स के रवींद्र जडेजा समेत कई खिलाड़ियों संग हंसी मजाक कर रहे थे। इस दौरान खलील अहमद उनके पास पहुंचते हैं। खलील अहमद को देखते ही विराट कोहली का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच जाता है। विराट कोहली उन्हें गुसे में कुछ कहते हुए नजर आते हैं। वही, खलील अहमद उनकी बातों पर किसी तरह की प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं करते हुए नजर आते हैं।

# मुंबई इंडियंस की लगातार दूसरी हार, सूर्यकुमार यादव चोटिल



**नई दिल्ली.** आईपीएल 2025 का 9वां मैच मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस की टीमों के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया. इस मुकाबले में गुजरात टाइटंस की टीम 36 रन से बाजी मारने में कामयाब रही. वहीं, मुंबई को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा. यानी मुंबई अभी भी इस समय में जीत का खाता नहीं खोल सकी है. मुंबई के लिए ये मैच कुछ खास नहीं रहा, उसके बल्लेबाज एक बार फिर रन बनाने के लिए जूझते हुए नजर आए. इस दौरान स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव एक बाउंसर पर चोटिल भी हो गए. सूर्यकुमार यादव पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं. लेकिन गुजरात के खिलाफ खेले गए मुकाबले में वह एक अच्छी पारी खेलने में कायमाब रहे. हालांकि वह अर्धशतक से 2 रन दूर रह गए. इस पारी के दौरान वह तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की एक बाउंसर पर चोटिल भी हो गए. दरअसल, मुंबई की पारी का 14वां ओवर गुजरात की तरफ से तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने फेंका था. तब सूर्यकुमार यादव स्ट्राइक पर थे. इस ओवर की पहली ही गेंद प्रसिद्ध कृष्णा ने बाउंसर फेंकी, जो सूर्या समय नहीं सके. ये एक स्लोअर बाउंसर थी, जो सूर्यकुमार यादव के ग्लव्स पर लगकर सीधे हेलमेट पर जा लगी. गेंद लगने के बाद सूर्या मैदान पर लेट गए और काफी देर तक वह खड़े नहीं हुए, जिससे हर किसी की सांस थम गई. इस दौरान गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी दौड़कर उनके पास पहुंचे और मुंबई इंडियंस के फीजियो भी मैदान पर आ गए. हालांकि, सूर्या को कोई गंभीर चोट नहीं आई. फीजियो ने उनका कंकशन टेस्ट किया जिसके बाद उन्हें फिर से बल्लेबाजी करना शुरू कर दिया. सूर्यकुमार यादव ने इस मुकाबले में 28 गेंदों पर 171.42 की स्ट्राइक रेट से 48 रन बनाए. जिसमें 1 चौका और 4 छक्के शामिल रहे. लेकिन उनकी ये पारी मुंबई इंडियंस की जीत के लिए काफी नहीं थी. दरअसल, गुजरात की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 196 रन बनाए थे.

# विराट और रोहित शर्मा का ऑस्ट्रेलिया दौरा



**नई दिल्ली.** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खत्म होने के बाद विराट कोहली या रोहित शर्मा के जिन फैन को लगा था कि ये दोनों अब ऑस्ट्रेलिया का दौरा करते नहीं दिखेंगे, उन क्रिकेट फैंस के लिए खबर अच्छी है. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भारत की मेजबानी का शेड्यूल जारी कर दिया है. इस बार भारतीय टीम 8 मैचों की व्हाइट बॉल सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी. ये दौरा इस साल अक्टूबर-नवंबर में होगा, जिसमें 3 वनडे मैचों की सीरीज के अलावा 5 टी20 की सीरीज खेली जाएगी.

8 शहरों में खेले जाएंगे 8 मैच

भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा 19 अक्टूबर से शुरू होकर 8 नवंबर तक चलेगा. व्हाइट बॉल सीरीज के आठो मैच ऑस्ट्रेलिया के 8 शहरों में खेले जाएंगे. वनडे सीरीज के तीनों मुकाबले पर्थ, एडिलेड और सिडनी में होंगे. वहीं टी20 सीरीज के मुकाबले कैनबरा, मेलबर्न, होबार्ट, गोल्ड कोस्ट और ब्रिसबेन में होंगे.

विराट-रोहित ऑस्ट्रेलिया दौरे पर फिर जाएंगे!

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के खत्म होने के बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा के ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर सस्पेंस था. ऐसे कयास लगने लगे थे कि उस टेस्ट सीरीज के साथ ही उन्होंने अपना आखिरी ऑस्ट्रेलिया दौरा भी कर लिया है. लेकिन, अब व्हाइट बॉल सीरीज का शेड्यूल सामने आने से उनके फिर से ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने की उम्मीद जाग उठी है.

वनडे सीरीज की टीम में हो सकते हैं विराट-रोहित

विराट-रोहित दोनों टी20 क्रिकेट से तो रिटायर हो चुके हैं. मगर इन दोनों का सेलेक्शन ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे सीरीज के लिए होता दिख सकता है. रोहित शर्मा तो वनडे टीम के कप्तान भी हैं. उम्मीद है कि अक्टूबर-नवंबर में होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वहीं भारतीय टीम के कप्तान होंगे.

भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा

वनडे सीरीज

19 अक्टूबर- पहला मैच, पर्थ (डे-नाइट), 23 अक्टूबर- दूसरा मैच, एडिलेड (डे-नाइट), 25 अक्टूबर- तीसरा मैच, सिडनी (डे-नाइट). 29 अक्टूबर- पहला मैच, कैनबरा, 31 अक्टूबर- दूसरा मैच, मेलबर्न, 2 नवंबर- तीसरा मैच, होबार्ट, 6 नवंबर- चौथा मैच, गोल्ड कोस्ट, 8 नवंबर- पांचवां मैच, ब्रिसबेन.

# नोवाक जोकोविच ने मियामी ओपन के फाइनल में जगह बनाई

**नई दिल्ली.** नोवाक जोकोविच ने ग्रिगोर दिमित्रोव को हराकर 2016 के बाद पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया है और इसके साथ ही वह अपने 100वें एटीपी खिताब से मात्र एक कदम दूर रह गये हैं। दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी 37 वर्षीय जोकोविच ने पहला सेट जीतने के लिए लगातार पांच गेम जीते। दिमित्रोव ने दूसरे सेट में खराब शुरुआत की और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने इसका फायदा उठाते हुए 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की।जोकोविच ने कहा, "पेरिस ओलंपिक में अपना 99वां खिताब जीतने के बाद मैं स्पेशल 100 खिताब जीतने की संभावना के साथ खेल रहा हूं। मैं टेनिस के उस बेहद जरूरी स्तर को खोजने की कोशिश कर रहा हूं जो मुझे एक बड़ी ट्रॉफी के लिए लड़ने की स्थिति में लाएगा। मैं टूर्नामेंट के लिए जिस तरह से तैयार हुआ हूं और जिस तरह से खेल रहा हूं, उससे मैं बहुत खुश हूं। मैंने एक भी सेट नहीं गंवाया है।"

उन्होंने कहा, " यह एक शानदार अवसर है। देखते हैं कि दो दिनों में क्या होता है।" 14वीं वरीयता प्राप्त 33 वर्षीय दिमित्रोव के लिए हवा की स्थिति खेल की शुरुआत अच्छी रही, जिन्होंने जोकोविच की सर्विस पर पहला गेम जीता, लेकिन इसका फायदा नहीं उठा पाए । इस बीच दिमित्रोव को परेशान करने के लिए कुछ कहने पर एक प्रशंसक को बाहर निकाल दिया गया.

